# U.G. 4th Semester Examination - 2022

## HINDI

## [PROGRAM]

## Course Code : BHINCCRT 401

## Course Title : हिंदी गद्य साहित्य

Full Marks : 40 Time : 2 Hours

*The figures in the right-hand margin indicate marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

   क) 'कहानी : नई कहानी' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।

   ख) जैनेन्द्र कुमार द्वारा रचित एक उपन्यास का नाम लिखिए।

   ग) वंशीधर किस कहानी का पात्र है?

   घ) प्रेमचंद उर्दू में किस नाम से लिखते थें?

   ङ) 'नमक का दरोगा' में नमक विभाग में दारोगा पद के लिए कौन ललचाते थे?

   च) 'लोभ और प्रीति' किस प्रकार का निबंध है?

   छ) 'त्यागपत्र' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष लिखिए।



   ज) चम्पा किसको अपने पिता का हत्यारा समस्ती थी?

   झ) प्रीति का प्रथम लक्षण क्या है?

   ञ) मृणाल किस उपन्यास की पात्र है?

   ट) 'नमक का दरोगा' कहानी में नमक से भरी गाड़ियाँ कहाँ जा रही थी?

   ठ) 'अकाशदीप' कहानी की प्रमुख नायिका का नाम लिखिए।

   ड) हजारी प्रसाद द्विवेदी कृत एक ललित निबंध का नाम लिखिए।

   ढ) 'तर्क का तूफान' कहानी संग्रह के रचयिता का नाम लिखिए।

   ण) 'वापसी' कहानी के प्रमुख पात्र का नाम लिखिए।

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

   क) कुटज के माध्यम से हजारी प्रसाद द्विवेदी क्या संदेश देना चाहते हैं?

   ख) लोभ और लालच में क्या अंतर है?

   ग) वापसी कहानी का क्या संदेश है?

   घ) यशपाल कृत 'परदा' कहानी में परदा का क्या आशय है?

   ङ) चंपा बुद्ध गुप्त से क्यों घृणा करती है?

   च) त्यागपत्र उपन्यास में लेखक दयाल के माध्यम से क्या कहना चाहता है?

   छ) 'नमक का दरोगा' कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तित्व के कौन-से दो पहलू उभरकर आते हैं?

   ज) कहानी की सामान्य परिभाषा अपने शब्दों में लिखिए।

3. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

क) ''जिन्दगी है चलती जाती है। कौन किसके लिए थमता है? मरते हुए भी जाते हैं, लेकिन जिनकों जीना है वे तो मुर्दों को लेकर वक्त से पहिले मर नहीं सकते।''—सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

ख) 'परदा' का मूल प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

ग) ''एक दृष्टि उन्होंने अपने परिवार पर डाली और फिर दूसरी ओर देखने लगे और फिर रिक्शा चल पड़ा।''—सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

4. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 10×1=10

क) कुटज निबंध का सारांश लिखिए।

ख) कहानी कला के तत्त्वों के आधार पर वापसी कहानी की समीक्षा कीजिए।

ग) आकाशदीप कहानी के प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण प्रस्तुत कीजिए।

———————